**पुणना International School**

**Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal**

| PERIODIC ASSIGNMENT -1 2020-21 | |
|---|---|
| **Grade -7** | **Subject- HINDI** |
| **Syllabus** – CH- 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,(Mahabharat) | |

**अपठित पंघाश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(1) हर वस्तु हमेंसिखाती है,

यदि सीखना चाहें हम।

हर प्राणी में एक शीशा है,

यदि देखना चाहें हम।।

फल देकर पेड़ सिखाते,

स्वार्थहीन बन जाओ।

मदर टटेंरेसा हमें सिखाती,

दुखियों को तुम गले लगाओ।।

**प्रश्नः**

1 पदयांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए-

2 मदर टेरेसा क्या सीखाती हैं?

3 पेड़ हमेंक्या बनने की सीख देते है?

4 'स्वार्थी का विलोम शब्द लिखिए-

5 गदयांश से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए-

2 मनमोहिनी प्रकृति की गोद मेंबसा है

सुख स्वर्ग -सा जहाँ है वह देश कौन -सा है?

जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है

जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है?

नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं

सींचा हुआ सलोना वह देश कौन-सा है?

**प्रश्न**

**1 पकृति को कैसा बताया गया है?**

**2'रत्नेश' शब्द किसका पर्यायवाची है?**

**3 वह देश कौन-सा है जिसका मुकुट हिमालय है?**

**4'हिमालय'शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए-**

**5 नदियाँ किसकी धारा बहा रही हैं?**

3 अनुशासन मानव-जीवन का आवश्यक अंग है। मनुष्य को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में, चाहे वह खेल का मैदान हो अथवा विदयालय,घर हो अथवा घर से बाहर कोई सभा- सोसायटी, सभी जगह अनुशासन के नियमों का पालन करना पड़ता है।पूर्ण निष्ठा के साथ उन पर आचरण करना पड़ता है और जीवन के विभिन्न क्रियाकलापों को उनके अनुकूल ढालना पड़ता है। जिस जाति,संस्था,समाज या राष्ट्र के सदस्य अनुशासित जीवक के नियमों का पालन नहीं करते,वह जाति या समाज शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। अनुशासन में रहने पर व्यक्ति का जीवन फूलो की तरह महकता है। संपूर्ण जीवन में चाँदनी की शीतलता का अनुभव होता है। हमें हर पल अनुशासन में चलना चाहिए जिससे जीवन को नई दिशा मिल सकें।

**प्रश्न**

**1 अनुशासन क्या है?**

**2 अनुशासन के नियमों का पालन कहाँ-कहाँ करना चाहिए?**

**3 मानव की सफलता किस मे निहित होती है?**

**4 किसी जाति या समाज का पतन कब होता है?**

4. **गदयांश का उचित शीर्षक लिखिए-**

सफल और असफल मनुष्य में क्या अंतर है?यही कि एक को अपने परिश्रम का मूल्य मिला और दूसरे को नहीं ।परंतु इसके पीछे कु रहस्य है? सफल मनुष्य ने अपना सारा काम बुदिधमानी और सजगता से किया,जबकि असफल व्यक्ति ने काम को बोझ मानकर किसी प्रकार बस पूरा किया। ऐसे लोग

काम तो बहुत करते हैं,उसमें अपनी संपूर्ण निष्ठा आस्था नहीं रखते। परिणाम यह होता है कि उनके दवारा किए गए कार्यो में अपक्षित सफलता नहीं मिल पाती और व व्यर्थ ही भाग्य को दोष देते हैं।

**प्रश्न**

**1 सफल और असफल मनुष्य मेंक्या अंतर है?**

**2 बहुत अधिक काम करने पर भी लोग असफल क्यों रह जाते हैं?**

**3 सफल व्यक्ति के काम करने के पीछे क्या विशेषता होती है?**

**4 कैसे लोग भाग्य को दोष दिया करते हैं?**

**5. गदयांश का शीर्षक लिखिए-**

5. हिंदी सजीव भाषा है। इसी कारण इसने अरबी,फारसी आदि के संपर्क में आकर उनके शब्द ग्रहण कर लिए। अब अंगेजी के शब्दों का भी ग्रहण कर रही है। इसे भाषा दोष नहीं,गुण समझना चाहिए। अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिंदी का विहास हो रहा है, हास नहीं। जैसे-जैसे इसका प्रचार बढ़ेगा, वैसे- वैसे इसमें नए शब्द आते जाएँगे। हमें ते केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नष्ट नहीं कर रही है- कहींअन्य भाषाओंके बेमेल शब्दोंके मिश्रण से अपना रूप तो नहीं बिगाड़ रही है।

**प्रश्न**

**1 हिंदी कैसी भाषा है?**

**2 क्या दूसरी भाषा को अपनाना दोष समझना चाहिए?**

**3 हिंदी म नए शब्दों का आगमन क्यों उचित है?**

**4 दूसरी भाषा से शब्द लेते समय क्या ध्यान रखना चाहिए?**

**5 निम्नलिखित विलोम शब्द लिखिए-**

**'सजीव ',' गुण'**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1 पक्षी उन्मुक्त गगन में उड़ने के लिए क्या-क्या त्यागने को तैयार है?**

2 पक्षी हम मनुष्योंसे क्या प्रार्थना करते हैं?

3 दादी मैं ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिाति खराब होने पर किस तरह मदद की?

4 लेखक के मित्रोंका स्वभाव आपकी दृष्टि मेंकैसा था?

5लेखक नदियोंके प्रति किस प्रकार के भाव रखता है?

6 सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ?

7. कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

8 पहली कठपुतली क्या सोचने लगी और क्यो?

अतिलघु उत्तर

1 कनक-कटोरी का मैदा किसका प्रतीक है?

उत्तरः पराधीन जीवन का

2 कवि और कविता का नाम लिखिए।

उत्तरः कवि का नाम- शिवमंगल सिंह 'सुमन'

कविता का नाम- हम पंछी उनमुक्त गगन के

3 पक्षियोंके क्या अरमान क्या थे?

उत्तरः खुले आकाश में दूर-दूर तक उड़ना।

4 पक्षियोंके पिंजरे में कैसी तीलियाँ लगी हैं?

उत्तरः सोने की।

5 लेखक अपनी कमजोरी किसे मानता है?

उत्तरः लेखक बीस वर्ष का था, फिर भी जरा-सी मुश्किल आने पर वह घबरा जाता था।

6. **लेखक की उम्र कितनी लगती है?**

उत्तरः बीस साल से अधिक

7. **दादी जी के आँचल की गाँठ में क्या बँधा था ?**

उत्तरः मिटटी

8. **किसने राजा शांतनु को मोह लिया ?**

उत्तरः गंगा ने

9. **गंगा ने सातो बच्चों का क्या किया?**

उत्तरः सातों बच्चों को गंगा ने नदी की धारा में फेक दिया।

10. **केवटराज ने राजा शांतनु से क्या वचन माँगा?**

उत्तरः आपके बाद हस्तिनापुर के राज-सिंहासन पर मेरी लड़की का पुत्र बैठेगा।

11. किसने आजन्म बाह्चारी रखने की प्रतिज्ञा ली?

उत्तरः देवव्रत ने

12 शांतनु के बाद कौन हस्तिनापर के सिंहासन पर बैठा?

उत्तरः चित्रांगद

13. **लेखक ने हिमालय की बेटियाँ किन्हें कहा है?**

उत्तरः लेखक ने हिमालय की बेटियाँ हिमालय से निकलने वाली नादियों को कहा है।

14. मैदानी भागों म नदियाँ कैसी दिखती है?

उत्तरः मैदानी भागों में नदियाँ बडी़ गंभीर ,शांत और अपने में खोई हुई लगती हैं।

15 **हिमालय के जंगल म मुख्यतया कौन-कौन से वृक्ष पाए जाते हैं?**

उत्तरः हिमालय के जंगलों में देवदार ,चीड़ सरो, चिनार,सफेदा, कैल आदि वृक्ष पाए जाते हैं।

# दीर्घ प्रश्न

1 हम पंछी उनमुक्त गगन के कविता से पक्षियों कि किन स्वाभाविक विशेषताओंका पता चलता है?

2 क्वार के महीने मेंवातावरण में आए बदलावोंका वर्णन पाठ के आधार पर कीजिए

3पहलीकठपुतलीकीबातदूसरीकठपुतलियोंकोक्योंअच्छीलगी ?

4 हिमालयकीयात्रामेंलेखकनेकिन-किनकीप्रशंसाकीहै ?

क भाषा से आप क्या समझते है?

ख लिपि किसे कहते हैं?

ग बोली किसे कहते है?

प्रः2 निमनलिखित राज्यों की भाषा लिखो-

| राज्य | भाषा | राज्य | भाषा |
|---|---|---|---|
| क पंजाब | ________ | ड केरल | ________ |
| ख असम | ________ | छ गुजरात | ________ |
| ग उड़ीसा | ________ | च कर्नाटिक | ________ |
| घ तमिलनाडु | ________ | ज़ महाराष्ट्र | ________ |

प्रः3नीचे लिखे रेखाकिंत शब्दों के भेदों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1 दूध म कुछ गिरा है।

(क)व्यक्तिवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

2 चाबियो का गुच्छा कहा है?

(क)समूहवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

3 मंशी प्रेमचंद की कहानियाँ सबको अच्छी लगती है?

(क)व्यक्तिवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

4 सब्ज़ियाँ और फल सेहत के लिए अच्छे होते हैं।

(क)समूहवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

5 आज बहुत ठंड है।

(क)व्यक्तिवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

6 इस बार गरमी की छुटियों में मैं शिमला गया था।

(क)व्यक्तिवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

7 कॉमनवेल्थ गेम्स में अनेक देशों केखिलाडी आए।

(क)समूहवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

8 आजकल लोग पीपल के बरतन इस्तेमाल नहीं करते।

(क)व्यक्तिवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

9 रामलीला मैदान में भीड़ है।

(क)समूहवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा

10 बच्चोंकीहँसी मन को मोह लेती है।

(क)व्यक्तिवाचक सज्ञां (ख)जातिवाचक संज्ञा (ग)भाववाचक संज्ञा (घ)द्रव्यवाचक संज्ञा